॥ जय दक्ष प्रजापति ॥

# कार्यालय मुख्य चुनाव अधिकारी जिला प्रगतिशील कुम्हार समिति, श्रीगंगानगर

कुम्हार धर्मशाला, चहल चौक, श्रीगंगानगर - 335001

---

क्रमांक: SPL-2 | दिनांक: 25-07-2026

## सदस्यता हेतु दिशा निर्देश

आज दिनांक 25/7/26 को अध्यक्ष पद चुनाव 2026 हेतु सदस्यता आवेदन पत्रों का वितरण कार्य किया जाना है। इस हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने वालों को निम्न निर्देशों की पालना करने हेतु पाबन्द किया गया है। इन निर्देशों की प्रति भी देने की व्यवस्था की गई है।

निर्देश निम्नानुसार हैं:

**(1)** सदस्यता फार्म अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार अथवा उम्मीदवार के पोलिंग एजेंट (Polling Agent) को ही दिए जाएंगे।

**(2)** सदस्यता फार्म का निर्धारित शुल्क (2/- प्रति फार्म की दर से) मौके पर ही जमा करवाना होगा, जो कि अदेय (Non-refundable) है।

**(3)** सदस्यता फार्म उम्मीदवार / पोलिंग एजेंट को एक साथ अधिकतम 500 फार्म (10 बुकलेट संभावित 50 फार्म प्रति बुकलेट) दिए जा सकेंगे। सदस्य बनाकर, भरी हुई बुकलेट शुल्क सहित वापस जमा करवाने पर पुनः उतनी ही मात्रा में बुकलेट दी जा सकेंगी।

**(4)** भरी हुई बुकलेट (सदस्यता फार्म) मय शुल्क के साथ निम्न प्रारूप में स्थायी/अस्थायी सदस्यों की अलग-अलग सूची पेनड्राइव (Pendrive) में जमा करवानी होगी:

| क्र.स. | नाम सदस्य | पिता/पति का नाम | जाति/गोत्र | निवासी | तहसील | आधार नं. | Mob | वि वि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**(5)** सदस्य का कुम्हार जाति का होना (जिसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो) तथा श्रीगंगानगर जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सदस्यता शुल्क स्थायी सदस्यों से 500/- (आजीवन) तथा अस्थायी सदस्यों से 100/- (वार्षिक) लिया जाएगा।

**(6)** सदस्यता फार्म स्पष्ट तथा पूर्ण भरा हुआ होना चाहिए। इसमें पहचानकर्ता का पूर्ण विवरण, हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर अवश्य अंकित करवाएं तथा प्रत्येक स्थायी/अस्थायी सदस्य का मोबाइल नंबर (Mob No.) भी दर्ज कराएं।

**(7)** सदस्यता फार्म वापस जमा करवाने की अंतिम तिथि 25.8.26 सायं 5 बजे तक है। इसके बाद प्राप्त सदस्यता फार्म वाले सदस्य, अध्यक्ष पद चुनाव 2026 में मतदान के अधिकारी नहीं होंगे।

**(8)** सदस्यता अवधि के उपरान्त समस्त फार्म (खाली / भरे हुए / निरस्त) वापस जमा करवाने होंगे।

**(9)** दिनांक 25.7.26 से 13.9.26 सायं 5 बजे तक मतदाता सूची (स्थायी/अस्थायी) की त्रुटियों / आपत्तियों को लिखित रूप में दिया जा सकता है। जिनका निस्तारण समय-समय पर करके सूचियों को अपडेट (Update) किया जाएगा। इस हेतु चुनाव कार्यालय, कुम्हार धर्मशाला, चहल चौक, श्रीगंगानगर में आपत्तियों के लिए एक पेटी लगाई गई है, जिसका संचालन मुख्य/सहायक चुनाव अधिकारी स्वयं करेंगे।

**(10)** चुनाव संबंधी किसी भी चुनाव सामग्री / सहायता (Help) हेतु आप चुनाव अधिकारी श्री प्रकाश आर्य (9461075198) से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ताक्षर

मुख्य चुनाव अधिकारी

जिला प्रगतिशील कुम्हार समिति

श्री गंगानगर